<u>आईआईएम में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ</u>

आईआईएमः आईओसीएल के लिए एमडीपी शुरू

रांची | भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची ने गुरुवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) कर्मचारियों के लिए व्यापक प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का आयोजन किया। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम एमडीपी में प्रोफेशनल एटिक्वेट, कार्यस्थल पर नैतिकता व सार्वजनिक व्यवहार जैसे विषयों पर केंद्रित है। निदेशक प्रो अंगशुमन हजारिका और प्रो तनुश्री दत्ता हैं।

Dainik Bhaskar_17.05.2024_p.7

आईआईएम में प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

रांची। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को आईआईएम रांची में हुआ। व्यापक प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) के तहत प्रतिभागियों को आधुनिक पेशेवर वातावरण के लिए महत्वपूर्ण कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करना उद्देश्य है। प्रो अंगशुमन हजारिका और प्रो तनुश्री दत्ता एमडीपी कार्यक्रम निदेशक हैं। निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने वर्त्तमान व्यावसायिक वातावरण में प्रभावी निर्णय लेने और नेतृत्व प्रथाओं को आकार देने में प्रबंधन शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। प्रो अंगशुमन हजारिका ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रमुख विषयों को रेखांकित किया। सॉफ्ट स्किल्स, नेतृत्व व भावनात्मक बुद्धिमत्ता के महत्व पर जोर दिया। मौके पर आईओसीएल के पूर्वी क्षेत्र कार्यालय महाप्रबंधक इंद्राणी माजी, प्रो रोजर्स पी जोसेफ आदि मौजूद थे।

Hindusan_17.05.2024_P.7

आइआइएम रांची में डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

रांची. आइआइएम रांची में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कर्मियों के लिए गुरुवार को मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) शुरू हुआ. इसमें प्रो ए हजारिका और प्रो तुनश्री दत्ता शामिल हुए. इंडस्ट्री के एक्सपर्ट और फैकल्टी सदस्यों ने एमबीपी के बारे में जानकारी दी. प्रतिभागियों ने खरीदारी के मनोविज्ञान, सेल प्रक्रिया, सेल फॉर्स प्रबंधन, वैल्यू प्रोपोजिशन डेवलपमेंट, मोलभाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा की. आइआइएम निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव ने अहम जानकारी दी.

Prabhat Khabar_17.05.2024_P.9